# रामड़ी जसुवा में पेयजल संकट गहराया, आक्रोश

## वोल्टेज 420 से 440 के बीच न रहने पर बंद हो रही मशीन

**पानी संकट**

**03 दिन से क्षेत्र में पानी की आपूर्ति ठप होने से लोगों की दिक्कतें बढ़ीं**

- मोटर को एक माह बाद ठीक कराया था, अब वोल्टेज की समस्या

**हल्द्वानी, कार्यालय संवाददाता।** रामड़ी में जल निगम की लापरवाही के चलते ट्यूबवेल की मोटर ठीक होने के बावजूद पिछले तीन दिनों से पानी की आपूर्ति ठप पड़ी है। लगभग एक महीने के लंबे इंतजार के बाद विभाग ने मोटर तो दुरुस्त कर दी, लेकिन अब नई तकनीकी बाधा ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। विभाग ने बिना स्टेबलाइजर के ट्यूबवेल में सेंसर लगा दिए हैं, जिससे वोल्टेज 420 से 440 के बीच न रहने पर मशीन खुद-ब-खुद बंद हो जा रही है।

खराब स्टेबलाइजर को ठीक न किए जाने के कारण वोल्टेज का उतार-चढ़ाव जनता पर भारी पड़ रहा है और लोग टैंकरों से पानी खरीदने को मजबूर हैं। विभागीय कार्यप्रणाली से नाराज ग्रामीणों ने जल्द समाधान न होने पर अधिकारियों के घेराव की चेतावनी दी है। दूसरी ओर, जल संस्थान के कनिष्ठ अभियंता फरहान अंसारी का कहना है कि सेंसर अपडेट होने के कारण यह दिक्कत आई है और वोल्टेज सुधार के लिए ऊर्जा निगम को सूचित कर दिया गया है। वहीं वोल्टेज की समस्या से शुक्रवार को चौफुला का ट्यूबवेल भी दिनभर ठप रहा। ट्यूबवेल नहीं चलने पर इससे जुड़े क्षेत्र में पानी संकट बन गया। जल संस्थान के कनिष्ठ अभियंता एमसी सती ने बताया कि ऑटोमेशन की टीम ट्यूबवेल की जांच कर रही है। जल्द पेयजल आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

### नैनीझील के नियमित निरीक्षण के निर्देश

**नैनीताल।** नैनीझील में सीवर का पानी गिरने की शिकायतों पर कुमाऊं आयुक्त ने जल संस्थान को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने झील की स्वच्छता से समझौता न करने की बात कहते हुए नियमित निगरानी व्यवस्था लागू करने को कहा। अब एक विशेष कार्मिक प्रतिदिन सुबह 10 से 11 बजे तक निरीक्षण कर रिपोर्ट देगा।

# जयकारों संग आदि कैलास यात्री दल रवाना

**हल्द्वानी/भवाली,हिटी।** देवभूमि उत्तराखंड के दुर्गम हिमालयी क्षेत्रों में स्थित आध्यात्मिक महत्व वाले ओम पर्वत एवं आदि कैलाश की यात्रा का शुक्रवार को शुभारंभ हो गया है।

कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा संचालित इस यात्रा का प्रथम दल सुबह आठ बजे लोक निर्माण विभाग के तिकोनिया स्थित विश्राम गृह से अपने गंतव्य की ओर रवाना हुआ। यात्रा के शुभारंभ पर निगम के महाप्रबंधक विजय नाथ शुक्ल के नेतृत्व में अधिकारियों ने यात्रियों का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इसके पश्चात दल के भवाली स्थित बाबा नीब करौरी पर्यटन आवास गृह पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों की गूंज व फूल-मालाओं के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों से भव्य स्वागत किया गया। इस प्रथम दल की सबसे विशेष बात इसमें महिलाओं की उत्साहजनक भागीदारी है। गुजरात, दिल्ली और उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 20 सदस्यों वाले इस जत्थे में 13 महिलाएं और 7 पुरुष यात्री शामिल हैं, जो भक्ति भाव के साथ इस दुर्गम सफर पर निकले हैं। सुरक्षा और सुविधा के मानकों पर जानकारी देते हुए पर्यटन विकास अधिकारी भगवती लोहनी ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए प्रत्येक श्रद्धालु का पांच लाख रुपये का बीमा कराया गया है। उन्होंने यह भी साझा किया कि 15 जून तक कुल 15 जत्थे आदि कैलाश के लिए रवाना किए जाएंगे, जिनमें से अगला दल 14 मई को प्रस्थान करेगा। इस दौरान निगम के प्रबंध निदेशक विनीत तोमर, प्रबंधक ललित मोहन पांडे रहे।

केएमवीएन से संचालित आदि कैलास यात्रा दल शुक्रवार को हल्द्वानी से रवाना हुआ।

## ओवर रेट में शराब बेचने पर चालान

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर आबकारी विभाग ने ओवर रेट के खिलाफ अभियान में टीम ने शुक्रवार को कालाढूंगी रोड स्थित देसी शराब की दुकान का 1 लाख रुपये का चालान किया। आबकारी निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में विभाग की टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानों पर उपलब्ध स्टॉक, विक्रय रजिस्टर एवं निर्धारित मूल्य सूची का निरीक्षण किया गया। आबकारी निरीक्षक धीरेश बिष्ट ने बताया कि चेकिंग अभियान जारी है।

## अवैध कब्जे पर रोक लगे

**कालाढूंगी।** बैलपड़ाव में बाहरी लोगों द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जे के विरोध में ग्राम प्रधान संगठन ने एसडीएम सुधीर कुमार को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधियों ने अतिक्रमण पर रोक लगाने की मांग की, जिस पर एसडीएम ने जांच का आश्वासन दिया।

## शहर 30

### 20 मई को लालकुआं के मेडिकल स्टोर रहेंगे बंद

**लालकुआं।** लालकुआं के संजीवनी मेडिकल स्टोर में केमिस्ट क्लब की बैठक आयोजित हुई। इसमें 20 मई 2026 को प्रस्तावित 'ऑल इंडिया केमिस्ट बंद' पर चर्चा की गई। केमिस्टों ने ऑनलाइन दवा बिक्री पर रोक, कॉर्पोरेट डिस्काउंट को नियंत्रित करने और नकली दवाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। निर्णय लिया गया कि विरोध स्वरूप लालकुआं व बिंदुखत्ता के सभी स्टोर बंद रहेंगे। बैठक में गोपाल अधिकारी, गिरीश जोशी और राजकुमार सेतिया रहे।

### एसडीएम ने पार्किंग का किया निरीक्षण

**नैनीताल।** एसडीएम नैनीताल नवाजिश खलीक ने शुक्रवार को रूसी बाईपास स्थित पार्किंग का स्थलीय निरीक्षण किया। आगामी पर्यटन सीजन को देखते हुए उन्होंने वहां पेयजल और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने पर्यटकों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर शौचालयों की संख्या बढ़ाने और अन्य व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत और जल संस्थान के अधिकारी भी मौजूद रहे।

क्वींस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं। ● हिन्दुस्तान

### नृत्य के जरिए सामाजिक कुरीतियों पर किया प्रहार

**हल्द्वानी।** दमुवाढूंगा स्थित क्वींस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित अंतर सदनीय नृत्य प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने 'सामाजिक मुद्दे एवं जन-जागरूकता' विषय पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। कड़े मुकाबले में मगध हाउस ने पहला स्थान पाया। जिन्हें मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि हरीश पांडे, विद्यालय के प्रबंधक आरपी सिंह, लिली सिंह, स्कूल निदेशक विक्रम कार्की, स्नेहा कार्की, प्रधानाचार्य बीबी पांडे, प्रधानाध्यापिका कविता बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## शहर में आज

- आईटीसी फॉर्च्यून में भाविप काठगोदाम शाखा का शपथ ग्रहण शाम 4 बजे।
- सी ग्रीन वैली स्कूल तिकोनिया में सौहार्द जन सेवा समिति का कुमाऊनी भाषा के संरक्षण कार्यक्रम सुबह 11 बजे से।
- सी ग्रीन वैली स्कूल तिकोनिया में सौहार्द जन सेवा समिति का कुमाऊनी भाषा के संरक्षण कार्यक्रम सुबह 11 बजे से।
- नगर निगम की टीम इंदिरा नगर और उजाला नगर नाले में अतिक्रमण चिह्नितकरण अभियान सुबह 10 बजे से।

## नैनीताल में दिखेंगे हिमालय के 170 साल पुराने दुर्लभ चित्र

**नैनीताल, संवाददाता।** नगर के सीआरएसटी इंटर कॉलेज आगामी 12 से 18 मई तक एक अनूठी ऐतिहासिक प्रदर्शनी का गवाह बनेगा। 'पहाड़ ट्रस्ट' द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में तीन जर्मन भूवैज्ञानिक भाइयोंएडोल्फ, हरमन और रॉबर्ट श्लागिंटवेट की ओर से करीब 170 वर्ष पूर्व तैयार किए गए हिमालयी क्षेत्रों के दुर्लभ चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा।

शुक्रवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए ट्रस्ट के संस्थापक प्रो. शेखर पाठक ने बताया कि वर्ष 1854 से 1858 के बीच तैयार किए गए कुल 77 चित्रों को यहां दिखाया जाएगा। इनमें से 5 चित्र पहली बार सार्वजनिक किए जा रहे हैं, जिनमें श्रीनगर की डल झील और मेघालय के बोगापानी पुल के दृश्य मुख्य आकर्षण होंगे। इस अवसर पर पद्मश्री अनूप साह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता को हिरासत निंदनीय: टैक्स बार

**हल्द्वानी/नैनीताल।** नैनीताल में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल की एक बैठक शुक्रवार को एसोसिएशन सभागार में हुई।

अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसीएस रावत ने की। इस दौरान आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान एक अधिवक्ता को 24 घंटे की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। वहीं हल्द्वानी टैक्स बार एसोसिएशन ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस मामले को लेकर आयोजित एक विशेष बैठक में बार के सदस्यों ने न्यायिक अधिकारी के इस कदम पर गहरा रोष व्यक्त किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश पांडे ने अपने बयान में कहा कि अधिवक्ताओं के साथ इस प्रकार का व्यवहार न केवल न्यायिक गरिमा के विरुद्ध है, बल्कि यह पूरे अधिवक्ता समुदाय के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला कृत्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अधिवक्ता न्याय प्रणाली का एक अनिवार्य स्तंभ हैं और उनके अधिकारों व सम्मान की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए। वहीं सचिव महेन्द्र सिंह बिष्ट ने घटना की निष्पक्ष समीक्षा और संबंधित न्यायिक अधिकारी के विरुद्ध उचित कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि अधिवक्ता वर्ग की स्वतंत्रता पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नैनीताल में बैठक का संचालन महासचिव सौरव अधिकारी ने किया। इस दौरान बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सह अध्यक्ष डीके शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. एमएस पाल, एमसी पंत, बीएस अधिकारी, योगेश पचोलिया, मीना बिष्ट, राजेश शर्मा, टीएस फर्त्याल, विश्वस्थ काण्डपाल, डीएस मेहता, गौरव कांडपाल आदि मौजूद रहे।

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा : क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, प्रथम तल क्षेत्रीय कार्यालय, रुद्रपुर, गाबा चौक के पास, काशीपुर रोड, रुद्रपुर- 263153

ई-नीलामी सूचना

**चल/अचल संपत्तियों की नीलामी सूचना "परिशिष्ट IV-A" नियम 6(2) एवं 9(1) देखें**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुन: निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सुरक्षा अधिनियम (पवर्तन) 2002 के साथ पठित नियम 6(2) एवं 9(1) के अधीन बैंक को बंधक रखी चल/अचल संपत्तियों की ई-नीलामी

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी एवं जमानतदार को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित संपत्ति बैंक ऑफ बडौदा के पास बंधक है एवं जिसका कब्जा बैंक के संबंधित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, खर्चे एवं कीमत इत्यादि सहित वसूलने हेतु निम्न शर्तों एवं नियमों के अंतर्गत ई-नीलामी द्वारा विक्रय की जा रही है। निम्न वर्णित संपत्तियां "जहां है जैसी है एवं जो है जैसी है" के आधार पर ई-नीलामी के द्वारा विक्रय की जायेंगी। बकाएदार/जमानतदार/सम्पत्ति/यों का विवरण/बकाया धनराशि/रिजर्व प्राईज/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, आरक्षित मूल्य एवं न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है :-

| क्र. सं. | ऋणी/गारन्टर का नाम व पता | चल/अचल सम्पत्ति का विवरण | रिजर्व प्राईज | दिनांक एवं ई-नीलामी के प्रारम्भ का समय | मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि / बकाया धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2. | 1. मैसर्स सम्राट एंटरप्राइजेज, द्वारा इसके प्रोपराइटर श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल, प्लॉट नं. 8/1, हिमालयन फूड पार्क, महुआखेड़ा, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 2. श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल (प्रोपराइटर मैसर्स सम्राट एंटरप्राइजेज), पता- प्लॉट नं. 8/1, हिमालयन फूड पार्क, महुआखेड़ा, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 3. श्रीमती राजबाला अग्रवाल पत्नी श्री राकेश अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 4. श्री सौरभ अग्रवाल पुत्र श्री राकेश कुमार अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 5. श्रीमती दिशा अग्रवाल पत्नी श्री गौरव अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 6. श्रीमती दीप्ति अग्रवाल पत्नी श्री सौरभ अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 7. श्री संजीव अग्रवाल पुत्र एमआर शंकर लाल (जमानती), पता- हाउस नं. 24 बी/2, आदर्श कॉलोनी, सिविल लाइन्स, रामपुर, उत्तर प्रदेश- 244901 8. श्री मोहम्मद अली पुत्र श्री मोहब्बे अली (जमानती), पता-मोहल्ला अल्लीखां, वार्ड नंबर 10, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 | बंधक अचल सम्पत्ति (भूमि व भवन) के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा सं. 304, 305, प्लॉट सं. 8/1 महुआखेड़ा गंज, काशीपुर, ऊधम सिंह नगर में स्थित है। क्षेत्रफल 21520 वर्ग फुट या 2000 वर्ग मीटर। सम्पत्ति श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल के नाम पर विधिवत पंजीकृत है (लीज डीड सीरियल सं. 6348, दिनांक 01.09.2017 को हिमालयन फूड पार्क द्वारा श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल के पक्ष में जारी की गई है)। सीमायें (लीज डीड के अनुसार) - पूरब में दूसरों के प्लॉट, पश्चिम में दूसरों के प्लॉट, उत्तर में 15 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिण में चक रोड। | ₹ 2,25,72,000.00<br>इ.म.रा.<br>₹ 22,57,200.00<br>न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि<br>₹ 25,000.00 | 04.06.2026<br>अपरान्ह 12:00 से सायं 05:00<br>कब्जे का प्रकार<br>भौतिक कब्जा | 05.01.2024<br>20.05.2024<br>₹ 3,59,39,936.00 (रुपये तीन करोड़ उनसठ लाख उनतालीस हजार नौ सौ छत्तीस मात्र) + ₹ 14,73,943.15 (रुपये चौदह लाख तिहत्तर हजार नौ सौ तिरालिस एवं पैसे पंद्रह मात्र) (अप्राप्त ब्याज) + अप्रयुक्त ब्याज + कानूनी शुल्क + अन्य शुल्क एवं ब्याज 26.12.2023 से प्रभावी |

विक्रय के नियन्धन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया हमारी वेबसाईट https://www.bankofbaroda.in/e-auction.html एवं https://baanknet.com देखें। भावी बोली दाता प्राधिकृत अधिकारी, मो0- 8477000519, 8477009621 से भी सम्पर्क कर सकते हैं। नोट : किसी भी त्रुटि या विवाद की स्थिति में इस नीलामी नोटिस का अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया दिनांक 09.05.2026 को प्रकाशित नोटिस मान्य होगा।

सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय : 29.05.2026 को अपराह्न 12 बजे से सायं 05:00 बजे तक

सरफेसी ऐक्ट, 2002 के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का कानूनी नोटिस

एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटरों को अधिसूचित किया जाता है कि वे उपरिवर्णित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों सहित नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, की वसूली ब्याज एवं लागत सहित की जाएगी।

दिनांक : 07.05.2026 स्थान : बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, रुद्रपुर

प्राधिकृत अधिकारी

हिन्दुस्तान भरोसा नए हिन्दुस्तान का

In Association with

VASUDEV EDUCATIONAL GROUP

Presents

VASUDHAIVA KUTUMBAKAM 1.0:

Global Education & Knowledge Festival 2026

वसुधैव कुटुम्बकम् 1.0: वैश्विक शिक्षा एवं ज्ञानोत्सव 2026

*Celebrating Knowledge, Creativity, and Talent* "The World is One Family"

Chief Guest

Mr. Lalit Mohan Rayal (IAS)

District Magistrate, Nainital

TABLET FORMULATION

TALENT SHOW

QUIZ COMPETITION

MOOT COURT

POSTER MAKING

VENUE: Vasudev Educational Group (Law), Lamachaur, Haldwani

FELICITATION CEREMONY: 09 MAY 2026

TIMING : 10:00 AM

www.LiveHindustan.com | Livehindustannews | Live_hindustan